Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding the need for a discussion on the issue of internal security in view of the deteriorating law and order situation in the country.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय सभापति जी, मैं मांग करता हूँ कि आज हिन्दुस्तान में जो बिगड़ी हुई कानून-व्यवस्था की हालत है, इसके मद्देनजर आंतरिक सुरक्षा पर सदन में एक बड़ी चर्चा होना जरूरी है। उसकी यह वजह है कि कश्मीर से पंजाब तक दिन-प्रतिदिन हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यूनाइटेड नेशंस सिक्युरिटी काउंसिल में इस सरकार ने खुद स्वीकारा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद टेरर कैम्प में इजाफा हो चुका है। यह पहले 150 थे, अब ये 225 हो चुके हैं। धारा 370 हटने के बाद 116 हत्याएं हुई हैं, जिनमें ब्रह्मण, कश्मीरी पंडित, हिन्दू और सिख लोग हैं। यह सिलसिला लगातार चल रहा है।

कुछ दिन पहले पंजाब के तरनतारन जिले में रॉकेट लांचर ग्रेनेड भी फेंका गया है। पिछले 13 महीनों में आठ बार इस तरह की घटनाएं घटी हैं। इन सारे मुद्दों को देखते हुए, हमें लगता है कि हिन्दुस्तान में आज कानून-व्यवस्था की बुरी हालत हो रही है। इसलिए सदन के अन्दर आंतरिक सुरक्षा के विषय पर एक बड़ी चर्चा होनी चाहिए क्योंकि दिन-प्रतिदिन हालत बिगड़ती जा रही है।

माननीय सभापति : श्री मारगनी भरत – उपस्थित नहीं।